




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 250 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 24 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया




## युवक की हत्या, पार्टी के बाद रात में विवाद की आशंका

### दो जन हिरासत में

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** वायडी नगर थाना क्षेत्र के रेवास देवड़ा गांव में एक युवक की हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने दो लोगो को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि मृतक के साथ इनको आखिरी बार देखा गया था। आशंका है कि शराब पार्टी के बाद हुए विवाद के चलते हत्या की वारदात की गई है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

शनिवार-रविवार की दरमियानी रात रेवास देवड़ा गांव के चौराहा पर एक व्यक्ति की हत्या की वारदात सामने आई है। ग्रामीणों ने सुबह पुलिस को सूचना दी। मौके पर एएसपी गौतम सोलंकी, सीएसपी सतनाम सिंह, चौकी प्रभारी अभिषेक बोरासी पहुंचे। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

मंदसौर एडिशनल एसपी गौतम सोलंकी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी की रेवास देवड़ा गांव के चौराहे पर एक व्यक्ति की खून के लथपथ लाश पड़ी है। मृतक के शरीर पर गहरी चोट के निशान है। मृतक की शिनाख्त मुकेश पिता कंवरलाल तेली 45 वर्ष निवासी रेवास देवड़ा के रूप में हुई। मुकेश हलवाई का काम करता था। मामले में पुलिस ने शंका के आधार पर गांव के ही अरुण और श्याम नाम के दो व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों के साथ मुकेश को आखिरी बार देखा गया था। वहीं यह भी जानकारी मिली है कि तीनों ने बीती रात शराब पार्टी की थी। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनो के सुपूर्द कर दिया। इधर हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज किया है।



## किसानों ने तैयार किए खेत, अच्छी बारिश का इंतजार

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनो अंचल में मौसम का मिजाज रोज बदल रहा है। कुछ इलाकों में प्री मानसून की अच्छी बारिश हो चुकी है तो कुछ इलाकों में किसानों को अभी भी बारिश का इंतजार है। भीषण गर्मी के बीच किसान खरीफ फसल के लिए खेत तैयार करने में जुटे हैं। उन्हें इसी महीने झमाझम बारिश की उम्मीद है।

अंचल के किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। बेहतर उत्पादन के लिए कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह भी दी है। बीज बोवनी से पूर्व खेत की अच्छे से तैयारी करें। बीज उपचार के बाद ही बीज की बोवनी करें। 120-125 दिन की फसल लगाएं। ताकि दूसरी फसल का भी उत्पादन लिया जा सकें। खेतों में रासायनिक खाद की अपेक्षा प्राकृतिक खाद का ही उपयोग करें। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि ग्रीष्म ऋतु में ही खेत की जुताई करना चाहिए। ताकि खेतों में मौजूद कीट, तीतली नष्टहो जाते हैं। इसका फायदा किसानों को बाद में मिलता है। बाद में किसानों को कीटनाशक, खरपतवार नाशक दवाओं का उपयोग कम करना पड़ता है।

# छोटे से जमीन के टुकड़े पर झांकी, लाखों की वसूली..!

## किराना दुकान की तरह खुल रहे मैरिज गार्डन, एक हैक्टेयर जमीन जरुरी



**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** नियमों का उल्लंघन, नपा का टैक्स नहीं वसूलना, पार्किंग जैसे नियमों का मैरिज गार्डन उल्लंघन कर रहे हैं। यह तो पुरानी बात हो गई। लेकिन, नई बात यह है कि किराने की दुकान की तरह मैरिज गार्डन खुलने लगे हैं। जबकि, नियमों को देखा जाए तो 90 प्रतिशत पर ताले लगना तय है।

सालों से नियमों को ताक पर रखकर चल रहे मैरिज गार्डन को छोड़ नए-नए खुल रहे मैरिज गार्डन और धर्मशालाओं की बात करें तो किसी प्रकार के नियमों की जानकारी ही संचालकों को नहीं है। सिर्फ घास उगाई, स्टेज लगाया, दीवारों पर प्लास्टर पेंटिंग कराई, फर्श पर मार्बल लगाया और हो गया मैरिज गार्डन तैयार। बकायदा बोर्ड लगाकर इसे मैरिज गार्डन नाम दिया जा रहा है। जबकि, नियमों को देखा जाए तो मैरिज गार्डन के लिए एक हैक्टेयर भूमि की जरुरत होती है। मप्र भूमि विकास नियम 2012 के मापदंड के अनुसार मैरिज गार्डन के लिए न्यूनतम भूमि एक हैक्टेयर होना अनिवार्य है। मैरिज गार्डन के सामने की ओर सड़क की न्यूनतम चौड़ाई 18 मीटर होना चाहिए। परिसर का न्यूनतम हिस्सा सामने की ओर 40 मीटर होने की शर्त है। गली-मोहल्लों और छोटी कॉलोनियों में मैरिज गार्डन और धर्मशालाएं नहीं चल सकती।

### पार्किंग के लिए जगह दे तो बचे क्या..?

मैरिज गार्डन में सबसे महत्वपूर्ण है पार्किंग व्यवस्था, जो यातायात व्यवस्था को बिगाड़ती है। छोटे से जमीन के टुकड़े को सजा संवारकर मैरिज गार्डन नाम दिया जा रहा है। इसका शुल्क पचास हजार से एक लाख तक प्रतिदिन के हिसाब से लिया जा रहा है। नियमानुसार मैरिज गार्डन का 25 फीसदी स्थान पार्किंग के लिए आरक्षित रखना होता है। लेकिन, अगर इतनी जगह पार्किंग के लिए दे दी जाए तो बचता ही क्या है?

### रेस्टोरेंट में शादी की दावत भी नियम विरुद्ध...

बता दे कि कई लोग रेस्टारेंट में शादी की दावत और अन्य रस्में भी निभा रहे हैं। लेकिन, 2021 में जारी हुए नियमों के अनुसार पचास लोग मौजूद होकर आयोजन करते हैं तो उसे मैरिज गार्डन माना जाएगा। मतलब रेस्टोरेंट के लाईसेंस पर मैरिज गार्डन भी शहर में चलाए जा रहे हैं।

### नपा नहीं दे सकती अनापत्ति प्रमाण पत्र...

लाईसेंस की पूरी प्रक्रिया की बात करें तो इसके लिए ग्राम पंचायत, नगर परिषद या नगर पालिका अथवा नगर निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र मैरिज गार्डन को चाहिए। दो चार मैरिज गार्डन को छोड़ दिया जाए तो किसी को भी नगरीय निकाय अनापत्ति प्रमाण पत्र दे ही नहीं सकता। इसका कारण है कि कोई भी नियमों को पूरा नहीं कर रहा। अगर अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाता है तो संबंधित विभाग के अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है।

### इसलिए तैयार नहीं की नियमावली...

अब जब नगरीय निकाय अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दे सकते या रजिस्ट्रेशन नहीं कर सकते तो वाजिब है कि किसी प्रकार का टैक्स नहीं वसूला जा सकता। दस साल पहले टैक्स वसूलने के लिए नियमावली बनाने की कवायद शुरु हुई थी। हाईकोर्ट ने भी इस संबंध में आदेश जारी किया था। लेकिन, समस्या यह हुई कि नियमों पर खरा उतरे तो अनुमति मैरिज गार्डन को मिले। इसके बाद इनसे टैक्स वसूला जाए। यहीं कारण रहा कि नियमावली ही तैयार नहीं की गई।

### मिली भगत का खेल...

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैरिज गार्डन संचालन में अधिकारियों की तगड़ी जुगलबंदी इनके मालिकों से है। यहीं कारण है कि कुछ समय पहले शहर में तीन मैरिज गार्डन को अवैध मानकर लगभग बुल्डोजर चलाने की चेतावनी दे दी थी। सात दिन का समय भी दिया गया। लेकिन, इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया।



# शिवना में लगाई युवक ने छलांग !

## परिजनों से कहा-जिंदगी से परेशान हो चुका हूं, मुझे अब नहीं जीना

### कालाभाटा डेम में तलाशते रहे गोताखोर, नहीं मिला शव

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** नई आबादी थाना क्षेत्र के कालाभाटा डेम के पास शिवना नदी में एक युवक ने छलांग लगा दी। इसके पहले अपनी बहन और अंकल को फोन लगाकर कहा कि जिंदगी से परेशान हो चूका हूं, मुझे अब नहीं जीना, मां का ख्याल रखना, मैं नदी में कूद रहा हूं। इसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। देर शाम तक नदी में युवक को तलाशा गया। लेकिन, वह नहीं मिला। युवक की बाइक और मोबाईल घटनास्थल पर ही पड़े मिले है। घटना शनिवार देर रात की है। नई आबादी थाना पुलिस के मुताबिक शहर के कैलाश मार्ग निवासी तुषार बैरागी ने कालाभाटा डेम के पास फोरलेन हाईवे पर बनी शिवना पुलिया से नदी में छलांग लगाई है। इसके पहले युवक ने अपनी बहन और अंकल को फोन कर इसकी जानकारी दी। युवक के परिजनों के अनुसार पहले तुषार ने उन्हें फोन पर कहा कि वह अपनी जिंदगी से परेशान हो चुका है और पुल से कूदकर आत्महत्या कर रहा है। उसने कहा मां का ख्याल रखना, बाइक और मोबाइल पुल के ऊपर पड़े है, जिन्हें घर ले जाना। फोन काल सुनने के बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां युवक का बाइक और मोबाइल फोन मिला। बताया जा रहा है कि परिजनों को बताने के बाद ही उसने पुल से नदी में छलांग लगा दी। बहरहाल परिजनों की सूचना के बाद नई आबादी थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और युवक की तलाश में लगी है। रविवार देर शाम तक युवक का शव नहीं मिला था।

## गौ तस्करी सहित कई अपराधों में शामिल साबिर पर रासुका की कार्यवाही

### सेन्ट्रल जैल इंदौर में जमा किया

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** शब्बीर उर्फ साबीर उर्फ गेणा पिता लतीफ मुल्ला उम्र 40 साल निवासी ग्राम मुल्तानपुरा थाना वायडी नगर हाल मुकाम ग्राम एलची थाना दलौदा पर रासुका की कार्वाई की गई है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी वर्ष 2005 से आपराधिक दुनिया में प्रवेश कर अपने आप को कुख्यात अपराधी बना चुका है। आमजन में दहशत बनाकर रखना, अवैध हथियार रखकर डराना, धमकाना, चोरी करना, मारपीट करना, अवैध शराब एवं जहरीली शराब के एक दर्जन से ज्यादा अपराधो में संलिप्त होकर व्यापक स्तर पर गौवंश की तस्करी वध करने के लिए की जा रही है। इसके द्वारा किया जाने वाले कृत्य से समाज में आक्रोश एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है एवं कानून व्यवस्था स्थिति निर्मित होने की सम्भावना बनी रहती है।

बीती 14 जून को शब्बीर उर्फ साबीर उर्फ गेणा द्वारा 26 गौवंश ट्रक में क्रुरतापूर्वक वध हेतु परिवहन करते हाईवे रोड से तस्करी कर रहा था। तस्करी करते समय जावरा हाईवे पर ट्रक गौवंश सहित पलट गया, जिसमे गौवंश घायल हुए है और कुछ गौवंश की मृत्यु हुई है। उक्त घटना को लेकर आक्रोशित भीड़ द्वारा ट्रक को आग लगा दी थी। उक्त घटना के तत्काल बाद यह फरार हो गया था जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम भिजवाई गई।

वायडी नगर पुलिस द्वारा बिना नम्बर की ब्रेजा कार से 7 केनो में 210 लीटर अवैध जहरीली कच्ची शराब के साथ शब्बीर को उसके अन्य साथी मुश्ताक पिता अजीम दाणा नि. मुल्तानपुरा व उस्मान पिता मोहम्मद हनीफ खा मेवाती के साथ पकड़ा गया। आरोपी पर छह गौवंश तस्करी के अपराध दर्ज है। आपराधिक रिकार्ड के आधार पर अपराध एवं गौवंश की तस्करी की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के तहत पुलिस कप्तान मंदसौर द्वारा प्रकरण प्रस्ताव तैयार कर जिला दण्डाधिकारी मंदसौर के यहां पेश किया गया, जहां से निरोध मे लिये जाने का आदेश प्राप्त होने पर गिरफ्तार कर केन्द्रीय जैल इन्दौर मे निरुद्ध किया गया है।

## गोवंश तस्करी के आरोपियों के घरों पर पुलिस की दबिश

**पिपलियामंडी, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** रविवार को गौवंश तस्करी के आरोपियों के घरों पर थाना पिपलियामंडी, मल्हारगढ और नारायणगढ के पुलिस बल ने संयुक्त दबिश दी।



गोवंश की तस्करी पर प्रभावी रोकथाम और गोवंश आरोपियों की धरपकड़ के लिए मल्हारगढ़ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरेन्द्र सोलंकी के नेतृत्व में मल्हारगढ अनुभाग के थाना पिपलियामंडी, मल्हारगढ, नारायणगढ़, चौकी बूढा व झारड़ा के फ़ोर्स ने गोवंश के आरोपियों के घरों में संयुक्त रूप से धरपकड़ की कार्यवाही की। एसडीओपी सोलंकी ने बताया इस संदर्भ में मन्दसौर पुलिस द्वारा गोवंश के अपराध में सम्मलित अपराधियों के देशभर के अपराधों को आईसीजेएस पोर्टल से अपडेट किया जा रहा है और इसके आधार पर उनका डोजियर निर्मित कर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## घर से नाराज होकर निकली किशोरी को किया परिजनों के सुपुर्द

**पिपलियामंडी, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** परिजनों से नाराज होकर निकली किशोरी को पुलिस ने रविवार परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार गांव गुड़भेली बड़ी में एक किशोरी के अकेले घूमने की सूचना पर पिपलिया डॉयल 100 पहुंची, पूछताछ के दौरान 17 वर्षीय किशोरी गांव बादरी की निकली। टीआई नीरज सारवान ने बताया कि बालिका परिवार से नाराज होकर शनिवार को घर से चली गई थी। नारायणगढ थाना प्रभारी को सूचित कर बालिका के परिजनों को बुलाकर उन्हें सुपुर्द किया।

## एमपीपीएससी प्री: विद्यार्थी बोले सरल था प्रश्नपत्र

### 30-40 प्रतिशत सवाल एमपी से थे संबंधित, शहर के चार परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचे 1049 परीक्षार्थी

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर के चार केंद्रों पर एमपीपीएससी की परीक्षा हुई। पहला पेपर सुबह 10 से 12 बजे तक हुआ। दोपहर 2.15 से दूसरा पेपर शुरू हुआ जो 4.15 बजे तक चला।

सुबह 10 से 12 बजे की पहली पाली में सामान्य अध्ययन विषय का पेपर हुआ। एग्जाम सेंटर से पेपर देकर निकले छात्रों ने बताया कि सभी सवाल सिलेबस से ही थे। पेपर आसान था। इसमें 30 से 40 फीसदी सवाल तो एमपी से रिलेटेड थे। दूसरी पाली में सामान्य अभिरुचि परीक्षण का पेपर हुआ। एमपीपीएससी प्री परीक्षा में सामान्य अध्ययन का पहला पेपर देकर निकले छात्रों ने बताया कि पेपर आसान था। उन्होंने कहा कि सभी सवाल सिलेबस में से ही आए हैं। मध्यप्रदेश से जुडे सवाल 30 से 40प्रश रहे। इसमें मुख्य रुप से ट्राइबल जनजातियों से जुड़े सवाल थे। इसमें जनजातीय आदिवासियों से जुड़ी स्वरोजगार योजनाएं, मध्यप्रदेश की जनजातियों के जिलों से जुडे कुछ सवाल रहे। टंट्या भील की जनजाति के बारे में भी सवाल पूछे गए।

### 349 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित...

एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में 1421 अभ्यर्थियों ने अप्लाई किया था। सुबह 1049 परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे, वहीं 349 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शहर के 4 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित हुई। सुबह मध्यप्रदेश राज्य सेवा आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी को प्रवेश दिया गया। पहली पाली का पेपर देने परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर पेपर शुरु होने के करीब डेढ घंटे पहले ही पहुंचना शुरु हो गए थे। वहीं दूसरी पाली के पेपर में समय से 10-15 मिनीट पहले ही परीक्षार्थी पहुंचे।

## कैबिनेट की बैठक कल, फिर मंत्री करेंगे अपने विभागों की समीक्षा

**भोपाल, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंत्रालय में 25 जून को प्रस्तावित कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्री अपने-अपने विभागों की समीक्षा करेंगे। वे अपने विभाग की वित्तीय स्थिति की अधिकारियों से जानकारी लेंगे और आवश्यक बजट की मांग को लेकर प्रस्ताव बनाने के निर्देश देंगे।



कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य मंत्रियों ने विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक शुरू कर दी है। वहीं जिन मंत्रियों ने अपने विभागीय अधिकारियों के साथ बजट को लेकर बैठक नहीं की है, वे कैबिनेट की बैठक के बाद समीक्षा करेंगे। इसमें केंद्र सरकार से बजट की मांग को लेकर भी चर्चा होगी। वहीं सरकार पर वित्तीय भार बढ़ाने वाली अनुपयोगी योजनाओं को बंद या पूर्व की तरह संचालित करने को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। बाद में इसकी रिपोर्ट मंत्री, मुख्यमंत्री को देंगे।

दरअसल, मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं को पात्रतानुसार मिल सके, इसके लिए कार्ययोजना बनाकर जमीनी स्तर पर इसका सफल क्रियान्वयन हो। कोई भी हितग्राही जनहितैषी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री की फ्लेगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान देकर कार्य करें। इसी दिशा में मंत्रिगण अपने-अपने विभागों की ऐसी योजनाओं पर फोकस कर कार्ययोजना तैयार कर रहे हैं।

### अगले छह माह में दिखाना होगा परफार्मेंस...

मंत्रियों को आगामी छह माह में अपने विभागों के कामकाज को लेकर परफार्मेंस दिखाना होगा। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव इसी आधार पर मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा भी करेंगे। यह रिपोर्ट भाजपा शीर्ष नेतृत्व तक भेजी जाएगी।

### पौधरोपण और अजा विकास कार्य की समीक्षा करेंगे मंत्री नागर सिंह चौहान...

वन, पर्यावरण एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान अपने विभागों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने वर्षा ऋतु में पौधरोपण की तैयारी को लेकर अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। 25 जून को बैठक में मंत्री चौहान पौधरोपण का लक्ष्य और अनुसूचित जाति कल्याण की योजनाओं की जानकारी लेंगे।




# राजनीतिक चाले चलते चतुर जनप्रतिनिधि

## विधायक विपीन जैन ने की शिकायत, पूर्व विधायक यशपाल बोले-कमलनाथ की सरकार में होता था प्रोटोकॉल का उल्लंघन

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव हुए लगभग छह महीने हो गए है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में हारे हुए प्रत्याशी लगभग मिस्टर इंडिया हो गए है तो जीते हुए प्रत्याशी जनता के बीच पकड़ और ज्यादा मजबूत करने में लगे हैं। इधर मंदसौर विधानसभा में माहौल और ज्यादा गर्म हो गया है। यहां भाजपा प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया और विधायक विपीन जैन के बीच 20-20 का मैच जारी है। यह मैच क्षेत्र के किसी भी इवेंट या मुद्दे पर देखने को मिल रहा है। विपीन जैन का सार्वजनिक कार्यक्रमों में प्रोटोकॉल का उल्लंघन का आरोप हो या कार्ड में नाम नहीं होने की बात पर यशपालसिंह सिसौदिया का जवाबी फायर, चर्चाओं में बने हुए है।





सोशल मीडिया पर दोनों के समर्थक अपने-अपने नेताओं की रिल्स बनाकर उन्हें जनता का सेवक बताने पर तुले हुए है। किसी भी घटनाक्रम या हंगामे के बाद कोई सोशल मीडिया के माध्यम से त्वरित टिप्पणी जारी कर पीड़ित परिवार के साथ होने की बात कहता है तो कोई मौके पर पहुंचकर आर्थिक सहायता देने की बात कहता है। अब ताजा मामला सामने आया है मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसरों के सम्मान का। जो यशपालसिंह सिसौदिया ने किया। करीब घंटेभर बैठक लेकर पूर्व विधायक सिसौदिया ने चर्चा भी की। इस पर विपीन जैन ने बयान दिया कि मैं निर्वाचित जनप्रतिनिधि हूं। मुझे या लोकसभा सांसद, राज्यसभा सदस्य या डिप्टी सीएम तक को बैठक की सूचना तक नहीं दी गई। इसके लिए सीएम, स्वास्थ्य संचालनालय को शिकायत भी उन्होंने की है। इधर इस मामले में यशपालसिंह सिसौदिया ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर बयान दिया। जिसमें कहा कि कोई प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं किया गया।

पूर्व विधायक सिसोदिया ने कहा कि प्रोटोकॉल का उल्लंघन तो तब हुआ था जब 15 महीने मध्य प्रदेश में कमलनाथ की सरकार थी। उस वक्त में तीसरी बार का विधायक था, लेकिन फिर भी ना तो मुझे जिला योजना समिति की बैठक में बुलाया गया था और ना ही मेरे द्वारा स्वीकृत कराए गए निर्माण कार्यों के लोकार्पण में आमंत्रित किया गया था, ना ही निमंत्रण पत्र और लोकार्पण के पत्थर पर मेरा नाम होता था। मेडिकल कॉलेज के डीन, प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापक का स्वागत करना मेरा नैतिक कर्तव्य था, जिसका मैंने पालन किया है। यह आयोजन मेडिकल कॉलेज या अस्पताल की तरफ से आयोजित नहीं था जो प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ है, यह मेरा अपना कार्यक्रम था। इसलिए विधायक पहले प्रोटोकॉल के बारे में जानकारी ले-ले की कहां प्रोटोकॉल लागू होता है।

पूर्व विधायक सिसोदिया ने कहा कि मंदसौर शहर मेरे रोम-रोम में बसा है। यहां के विकास के लिए मैंने वे सारे प्रयास किए हैं जो एक जनप्रतिनिधि की भूमिका में करना चाहिए थे। मंदसौर में सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है, इसके निर्माण से लेकर नामांकन तक मेरी भूमिका थी। इसलिये मेरी इच्छा थी कि यहां पदस्थ हुए डीन, प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापक जो करीब 35 की संख्या में है, उनका स्वागत -अभिनंदन करूं। वह किस विभाग में पारंगत है, उन्होंने कहां-कहां अपनी सेवाएं दी है, यह जानना मेरी अभिरुचि थी। मैं कोई राजनीति करने के लिए वहां नहीं गया था। बल्कि में जनता को यह बताना चाहता था की मंदसौर के जिला चिकित्सालय में अब इतने विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं मिलेगी, मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को भी यह विशेषज्ञ चिकित्सक पढ़ाएंगे। इसलिए मेरा मन कह रहा था उनका स्वागत करूं। लेकिन मुझे दु:ख हुआ कि विधायक विपिन जैन ने अपनी प्रतिक्रिया में इसे प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताया, मंदसौर के चिकित्सकों की शिकायत करने की बात कही।

सिसोदिया ने कहा कि प्रोटोकॉल का उल्लंघन तो तब होता जब अधिकारी या चिकित्सक निमंत्रण पत्र छपवाते, मंच बनाते और उस आयोजन में सिर्फ मुझे ही बुलाते। यह उनकी इच्छा नहीं थी बल्कि मेरी इच्छा थी। इसलिए यह प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं है। प्रोटोकॉल का उल्लंघन तो तब होता था जब प्रदेश में कमलनाथ की सरकार थी और मैं तीसरी बार के विधायक की भूमिका में था। लेकिन, जिला योजना समिति की बैठक में मुझे नहीं बुलाया जाता था, मेरे द्वारा स्वीकृत किए गए निर्माण कार्यों के लोकार्पण में मुझे नहीं बुलाया जाता था, कार्ड में मेरा नाम नहीं छपवाया जाता था, लोकार्पण के पत्थरों पर भी मेरा नाम नहीं लिखा जाता था।

श्री सिसोदिया ने कहा कि राजनीति में किसी की लंबी लाइन को मिटाने की मानसिकता नहीं होना चाहिए। मुझे आश्चर्य हुआ कि आपको अब तक प्रोटोकॉल के बारे में जानकारी नहीं मिल पा रही है। यदि आप स्वयं मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों का स्वागत करने के लिए जाते तो मैं ऐसी प्रतिक्रिया नहीं देता। खुला मंच था, कोई भी जाकर इन चिकित्सकों का स्वागत सम्मान कर सकता था। लेकिन, मैंने कर दिया तो गुनाह कर दिया, अपराधी बन गया। आपने-अपने वक्तव्य में इस आयोजन को बैठक की संज्ञा दी है जबकि, यह बैठक नहीं सौजन्य भेट थी। इसलिए विधायक अपनी टिप्पणी के माध्यम से, अपने वक्तव्य के माध्यम से जनता को भ्रमित करने का प्रयास ना करे।

### विधायक जैन को लगातार शासकीय आयोजनों में नहीं बुलाने पर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डा.तोमर ने...

## मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को शिकायत की

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन के साथ जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रोटोकाल का उलंघन किया जा रहा है। मेरे द्वारा पूर्व में भी इस बाबत दो शिकायतें की गई लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से पुन: मेडिकल कालेज मन्दसौर एवं संगीत महाविद्यालय द्वारा इस कृत्य को दोहराया गया है। मेडिकल कॉलेज मंदसौर की डीन एवं अधीक्षक द्वारा एक बैठक आयोजित की गई जिसमें वर्तमान विधायक श्री विपिन जैन को न बुलाकर पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह जी को बुलाया गया और उन्होंने बैठक ली। यह घोर निंदनीय होकर विधायक जी का अपमान है। इसी प्रकार शासकीय संगीत महाविद्यालय मन्दसौर द्वारा योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भी मंदसौर के माननीय विधायक महोदय श्री विपिन जी जैन को आमंत्रित नहीं किया गया जबकि प्रोटोकाल के अनुसार उनका नाम आमंत्रण कार्ड में होना चाहिए था। दोनों के फोटो और आमंत्रण सलग्न है। आपसे आग्रह है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए कठोर से कठोर कार्यवाही की जावे अन्यथा माननीय विधायक महोदय के साथ हो रहे व्यवहार को लेकर अवमानना की कार्यवाही माननीय विधायक जी द्वारा सदन में की जाएगी।






# पोलियो खुराक पिलाकर किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

## कलेक्टर ने भी अपने हाथों से बच्चों को पिलाई पोलियो खुराक

**नीमच, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के साथ ही नीमच जिले में भी रविवार को पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान एवं कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने जिला चिकित्सालय ट्रामा सेंटर स्थित पोलियो बूथ पर अपने हाथों से बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर, पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार ने कहा, कि सभी शासकीय अस्पतालों में सरकार ने विभिन्न बीमारियों से सुरक्षा एवं बचाव के लिए टीकों की व्यवस्था की है। जिले को पोलियो मुक्त रखना है, तो बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाना जरूरी है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान ने कहा कि पोलियो खुराक पीने से एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए, यदि एक भी बच्चा छूटा, तो सुरक्षा तो चक्र टूटा।

पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र पाटील, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.एल. सिसोदिया, एसडीएम सुश्री प्रीति संघवी, बीएमओ डॉ.प्रवीण पांचाल, श्री चंद्रपालसिंह राठौर, वैक्सीन मैनेजर श्री विजय बड़ोने, भी उपस्थित थे। पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने ट्रामा सेंटर जिला चिकित्सालय नीमच स्कूल भवन कनावटी, पंचायत भवन कनावटी प्रताप नगर कनावटी स्थित पोलियो बूथ का निरीक्षण कर बच्चों को अपने हाथों से पोलियो की खुराक पिलाई और पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर श्री जैन ने प्रताप नगर कनावटी, चंगेरा एवं डूगलावदा के पोलियो बूथ का निरीक्षण कर पल्स पोलियो अभियान की प्रगति का जायजा लिया और इन गांवों में कलेक्टर ने डॉक्टर दिनेश प्रसाद एवं डॉ प्रवीण पांचाल के साथ गली मोहल्ले का भ्रमण कर अभिभावकों को बूथ पर ले जाकर अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की समझाइश दी। उल्लेखनीय है, कि नीमच जिले में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के प्रथम दिवस रविवार 23 जून को 0 से 5 वर्ष तक के एक लाख छह हजार बच्चों को 802 पोलियो बूथों पर पल्स पोलियो टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है, इसके लिए 1604 कर्मचारियों को वैक्सीनेटर नियुक्त किया गया है। अभियान के पर्यवेक्षण के लिए 107 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जिले में 21 ट्रांजिट बूथ एवं 18 मोबाइल टीमें भी लगाई गई है। प्रथम दिन रविवार को पोलियो बूथ पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है वहीं 24 और 25 जून को टीकाकरण दल के कर्मचारी घर-घर जाकर पोलियो खुराक पीने से शेष रहे बच्चों को चिन्हित कर उन्हें पोलियो की खुराक पिलवाएंगे।

## पल्स पोलियो अभियान में 170 कर्मचारी ड्यूटी पर, 7 हजार बच्चों ने पी दवा


**कुकड़ेश्वर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 23 जून 2024 से 24 व 25 जून तक निरन्तर तीन दिवस तक चलेगा। वर्तमान में पोलियो से ग्रसित होना, भारत देश से लगभग समाप्त हो चूका है। पर अन्य देशो से भारत में आकर रहने वाले परिवारो में कोई बच्चा पोलियो से ग्रसित न हो। इस हेतु राष्ट्रीय स्तर पर निरन्तर पल्स पोलियो अभियान देश भर में चलाया जा रहा है।



इसी के तहत नीमच जिला कलेक्टर दिनेश जैन के निर्देशन में मनासा विकासखण्ड के कुकड़ेश्वर व चचोर सेक्टर डॉ.उमेश बसेर, डॉ. लोकेश पाटीदार के सहयोग से अभियान के प्रभारी रोशन जोशी, जे.पी. गुप्ता व देवेन्द्र जोशी के प्रयासों से 79 बूथ पर पल्स पोलियो की दवाई पिलाई गई। वंही कुकडेश्वर बस स्टेण्ड पर एक ट्रांजिस्टिंग के तहत बच्चों को दवा पिलाई गई। दिनांक 23 जून को कुकडेश्वर व चचोर सेक्टर के लिए 170 कर्मचारियों की ड्यूटी दवा पिलाने हेतु लगाई गई। जिसमे मानिटरिंग हेतु 11 सुपरवाइजर को तैनात किया गया है। लगभग 9500 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य तय किया गया था। जिसमे प्रथम दिवस में लगभग 70 प्रतिशत बच्चों को पल्स पोलियो की दवा दोनों सेक्टर में पिलाई गई है। वंही दिनांक 24 व 25 जून 2024 को घर घर भ्रमण करके, पल्स पोलियो की दवा पीने से वंचित रह गए बच्चों को दवाई पिलाई जायेगी। और कोई भी बच्चा दवा पीने से वंचित न रहे। इस हेतु कुकड़ेश्वर व चचोर सेक्टर के व्यवस्था प्रभारी रोशन जोशी ने बताया की इस राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में ए.एन.एम. व आशा कार्यकर्ताओ की अहम भूमिका है। हम सभी का व स्वास्थ्य विभाग का पूरा प्रयास है की कोई भी बच्चा पल्स पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे। और जनमानस से भी अपील है की अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे को हरहाल में पल्स पोलियो की दवा पिलाये व अभियान को सफल बनाने में सहभागी बने।

## रायल सिंधी इलेवन व एटूजेड जैन इलेवन के बीच होगा फायनल

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** माहेश्वरी समाज एवं युवा संगठन द्वारा दशपुर नगरी में प्रथम बार नाइट क्रिकेट चैंपियनशिप प्रीमियर लीग के तीसरे दिन माहेश्वरी ब्लास्टर व रायल सिंधी इलेवन के बीच तथा गुर्जर इलेवन व एटूजेड जैन इलेवन के बीच मैच हुए। जिसमें रायल सिंधी इलेवन व एटूजेड जैन इलेवन ने मैच जीते। फाइनल में रायल सिंधी इलेवन व एटूजेड जैन इलेवन ने प्रवेश किया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला, रेडक्रास चेयरमेन प्रितेश चावला, नपा पार्षदगण गोवर्धन कुमावत, आशीष गौड, समाजसेवी बाबूलाल डागा, रमेश काबरा, कमल कोठारी, सांसद प्रतिनिधि कपिल भण्डारी, विश्वहिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष प्रवीणसिंह मण्डलोई, प्रदीप चौधरी, हेमन्त बुलचंदानी, अमरसिंह कुमावत, शंकर शर्मा आदि उपस्थित थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत की।



आयोजन कर्ता अनूप माहेश्वरी व अंकित माहेश्वरी ने बताया कि पहले मैच में रायल सिंधी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की व 14 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 215 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जिसमें शैलेन्द्र चोईथानी ने शतकीय पारी खेलते हुए 42 गेंदों में 107 रन ठोक दिये। जिसमें 14 छक्के शामिल थे। कप्तान विशाल हिरानी ने 28 गेंद में 62 रन का योगदान दिया। जवाब में माहेश्वरी ब्लास्टर 14 ओवर में 84 रन ही बना पाई और 131 रनों से हार गई। दूसरे मैच में गुर्जर इलेवन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया। यह फैसला उनके लिए गलत साबित हुआ और पूरी टीम मात्र 33 रन पर ऑलआउट हो गई। इस लक्ष्य को एटूजेड इलेवन ने 4 ओवर में प्राप्त कर लिया। तथा 9 विकेट से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट का फाइनल मैच रॉयल सिंधी इलेवन व एटूजेड जैन इलेवन ने मैच के बीच होगा। टूर्नामेंट की विजेता टीम को रिप्पी चावला मित्र मण्डल द्वारा 31 हजार रू. व शिल्ड के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा वहीं उपविजेता टीम को श्री विजय सुराना परिवार द्वारा 21 हजार रू. व शिल्ड प्रदान किये जायेंगे। साथ ही मैन ऑफ द सीरीज भी दिया जाएगा। संचालन सीए रोहन सोमानी व अनूप माहेश्वरी ने किया एवं आभार अंकित माहेश्वरी ने माना। इस अवसर पर कोच पंकज परवाल, नवीन सोमानी, राजेश कासट, पंकज डागा, सतीश सोमानी, मुकेश लड्ढा, पत्रकार राहुल सोनी, कृष्णकुमार जाखेटिया, नंदकिशोर डांगरा, मंगलेश सोमानी, रोहित सोमानी, संदीप मण्डोवरा, श्यामसुंदर सोमानी, डॉ. रोहित सोमानी, इंजि. भावेश गगरानी, धीरज लड्ढा, हर्ष तोषनीवाल, गोपाल तोषनीवाल, बंटी माहेश्वरी, माधव सोमानी, लखन सोमानी, अंशुल मुंदड़ा, अभिषेक परवाल, पवन बांगड, प्रदीप डांगरा, रचित मुंदड़ा, किशन साबु, गोपी साबु, आदि उपस्थित रहे।



## श्री पशुपतिनाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य का पार्षद प्रतिनिधि गोस्वामी ने किया निरीक्षण

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** भूतभावन भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य ओम कंस्ट्रक्शन कं. के द्वारा किया जा रहा है। विगत कई दिनों से क्षेत्रीय पार्षद संगीता गोस्वामी एवं कांग्रेस नेता शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी द्वारा मीडिया के माध्यम से पशुपतिनाथ मंदिर के निर्माण कार्य का सौंदर्यीकरण कार्य गुणवत्ता पूर्वक किये जाने की मांग की जा रही थी। इसको लेकर 23 जून रविवार को ओम कंस्ट्रक्शन कं. द्वारा पशुपतिनाथ मंदिर में किये जा रहे कार्य की जानकारी देने के लिये क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती संगीता गोस्वामी को आमंत्रित किया। पर पार्षद प्रतिनिधि व कांग्रेस नेता शेलेन्द्रगिरी गोस्वामी ने मौका स्थल पर जाकर निरीक्षण किया व ओम कंस्ट्रक्शन कं. के मौजूद अधिकारियों ने जानकारी प्राप्त की। कार्य ड्राइंग के अनुसार किया जा रहा है। श्री शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि श्री पशुपतिनाथ मंदिर की प्रसिद्धी पूरे विश्व में है। ऐसे में यहा आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। इसलिये मंदिर में कार्य सौंदर्यपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण हो। जिस पर अधिकारियों ने श्री गोस्वामी को संतोषजनक कार्य हेतु आश्वस्त किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश टूरिज्म के सब इंजीनियर अंकित जायसवाल भी उपस्थित थे।

## फोरलेन पर कई खामियों के चलते आये दिन होरही दुर्घटनाओं में काल के ग्रास में समा रहे वाहन चालक

### फोरलेन निर्माण कम्पनी पर दर्ज हो हत्या का मुकदमा-शर्मा

**मल्हारगढ़, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** लेबड़ से लेकर नयागांव तक फोरलेन पर कई खामियों के चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाए होरही है अब तक सेकड़ो लोगो की जान चली गई ओर कई गम्भीर घायल अहमदाबाद, उदयपुर, इंदौर या अन्य अस्पतालों में महंगा अपना इलाज करवा रहे है।

उक्त बात मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहते हुवे बताया कि फोरलेन निर्माण के समय से लेकर अभी तक कई बार सड़क निर्माण की खामियों को ज्ञापनों, आंदोलनों के माध्यम से निर्माण कम्पनी व वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत करवाकर खामियो को दूर करने की मांग की गई लेकिन किसी के भी कान पर जु तक नही रेंगी ओर उसका खामियाजा वाहन चालकों को मौत के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

**ब्लेक स्पॉट सिर्फ घोषित कर करली अपने कर्तव्यों की इतिश्र-** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि ब्लेक स्पॉट घोषित तो कर दिए पर ब्लेक स्पॉट पर सुधार कुछ भी नही हुवे ओर दुपहिया वाहन चालक मारे जारहे है। शर्मा ने यह कहा कि मन्दसौर बायपास, साबाखेडा फाटा, पिपलियामंडी चौपाटी, बरखेड़ापन्थ, मल्हारगढ़, मख्खन ढाबा, के यहां अभी तक कई दुर्घटनाए होचुकी ओर मोते होचुकी है

**फोरलेन निर्माण कम्पनी पर दर्ज हो हत्या का मुकदमा-** फोरलेन निर्माण कम्पनी ने सडक निर्माण के दौरान दुपहिया वाहन चालको के लिए दोनों तरफ एक एक मीटर सड़क नही बनाई इस कारण भी तेज गति से आने वाले बड़े वाहनों के ओव्हरटेक के समय दुपहिया वाहन चालक चपेट में आरहे है।

**पिपलिया चौपाटी पर नही लगी हाईमास्ट-** शर्मा ने बताया कि कई बार मांग करने के बाद भी लापरवाही के चलते आज तक पिपलिया चौपाटी पर हाईमास्ट लाइट नही लगी टोल प्लाजा वाले कहते है एमपीआरडीसी लगवाएगी ओर एमपीआरडीसी वाले सुनने को तैयार नही इससे रात्रि में दुर्घटनाए होरही है।

**मृतक के परिजनों को मुआवजा दे फोरलेन निर्माण कम्पनी-** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि सड़क दुर्घटना में लोग जो मर रहे है वह सड़क निर्माण कम्पनी की गलतियों के कारण ही मर रहे है ऐसे में कम्पनी द्वारा मृतकों के परिजनों को कम से कम 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाय।

## गो सेवक व मैत्री प्रशिक्षण के लिये करें आवेदन

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** डॉ. मनीष इंगोले उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंदसौर द्वारा बताया गया कि म.प्र. शासन की महत्वाकांशी योजना गो सेवक एवं मैत्री प्रशिक्षण योजना हेतु ऐसी ग्राम पंचायते जिनमें पूर्व से गो सेवक एवं मैत्री कार्यकर्ता कार्यरत नहीं है उन पंचायतों में आवेदन कर सकते है। गो सेवक प्रशिक्षण हेतु प्रत्याशी की योग्यता आवेदन दिनांक से 40 वर्ष से कम की उम्र, कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण, संबंधित ग्राम पंचायत का मूल निवासी प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। जिसके लिये प्रत्याशी को 6 माह का गो सेवक प्रशिक्षण जिला स्तर पर दिया जायेगा। मैत्री प्रशिक्षण हेतु प्रत्याशी की योग्यता आवदेन दिनांक से 40 वर्ष से कम की उम्र, संबंधित ग्राम पंचायत का मूल निवासी प्रमाण पत्र अनिवार्य है। जिसके लिये प्रशिक्षण 3 माह का होगा।

# अभी भी वक्त है, हमें जागना होगा, इसी तरह गर्मी बढ़ती रही तो पृथ्वी को निगल जाएगा सूरज

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** विकास की अंधी दौड़ में जितनी ज़हरीली हवाएं, मानव पर्यावरण में तेज़ी से प्रवाहित कर रहा है, अगर यही दौर जारी रहा तो हम ऑक्सीजन के लिए तरस जाएंगे और तापक्रम इतना बढ़ेगा की सूरज पृथ्वी को निगल जाएगा। यह कहा डॉ. स्वप्निल ओझा वरिष्ठ पत्रकार नईदुनिया भोपाल के मन्दसौर प्रतिनिधि ने, वे हरित पर्यावरण समूह द्वारा पर्यावरण जागरण अभियान के तहत ग्राम रिंडा के हाई स्कूल में कार्यक्रम में बोल रहे थे।



उन्होंने कहा कि जो ज़हरीली हवाएं (गैसें) हम पर्यावरण में छोड़ते है, उन्हें पेड़, पौधे ग्रहण कर हमें शुद्ध ऑक्सीजन देते है, अत: हमें पौध रोपण और वृक्ष संरक्षण को जन अभियान बना कर इस काम मे शिद्दत से लगना होगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे सँस्कृति कर्मी, फ़िल्म डायरेक्टर प्रदीप शर्मा ने कहा कि जिस गति से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है इससे मानव ही नहीं पृथ्वी पर उपस्थित जीव जंतु और वनस्पति भी नष्टहोना सम्भावित हैं। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि हम जानबूझ कर धरती को विनाश की ओर धकेल रहे हैं। एडवोकेट एम.यू. अन्सारी ने कहा कि जिस तरह मोबाईल के लिए डाटा आवश्यक है उससे भी अधिक पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए पौधे लगा कर उन्हें वृक्ष बना कर पृथ्वी पर ऑक्सीजन बढ़ाना आवश्यक है।

संस्था प्राचार्य दिनेश कुमार जैन ने आश्वासन दिया कि हम विद्यालय के अतिरिक्त ग्राम में अधिक से अधिक पौधे लगा कर उन्हें संरक्षित रखने का प्रयास करेंगे। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सतीश शर्मा ने स्टाफ़ और विद्यार्थियों के पौधरोपण और वृक्ष संरक्षण कार्यों का उल्लेख करते हुवे हरित क्रांति समूह को आश्वस्त किया हम इस पुनीत कार्य को और अधिक उत्साह से करेंगे, उन्होंने उल्लेख किया कि वे 400 पौधे लगा चुके है और उनमें से अधिकतर नीम के हैं। विद्यार्थियों को पर्यावरण, पौधरोपण की जानकारी देते हुवे समूह के वरिष्ठ सदस्य असअद अन्सारी ने बालक बालिकाओं से पर्यावरण से सम्बंधित प्रश्न पूछे और सही जवाब देने वाले बच्चों को उपहार प्रदान किये। बच्चों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। नन्हे छात्र मनीष पिता नरेंद्र ने 20 और छात्रा कनिका पिता घनश्याम ने 10 पौधे लगाने की बात कही। विद्यालय स्टाफ़ पौध रोपण और वृक्ष संरक्षण में रुचि प्रकट करते हुवे अपनी उपलब्धियों का ज़िक्र किया। विद्यालय को संस्था द्वारा पीपल के पौधे भेंट किये गए। आयोजन में महेंद्र सिंह चौहान, भीम सिंह परमार, विनीत उपाध्याय, रज़िया क़ुरैश, ममता राज, जवाहरलाल सुनार्थी, राजेश शर्मा, दशरथ भाटी, गोपाल शर्मा, रामप्रसाद बिटोलिया जगदीश धाकड़ तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्य पूर्व अध्यक्ष उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन दिनेश बसेर और संचालन असअद अन्सारी ने किया।

# राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा संपन्न

## पर्यवेक्षक पाराशर एवं कलेक्टर जैन ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा कार्य का जायजा लिया

**नीमच, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय नीमच पर रविवार 23 जून को मध्य प्रदेश राज्य सेवा आयोग की राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा तीन केंद्रों पर पारदर्शी तरीके से सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न हुई। मध्य प्रदेश राज्य सेवा आयोग के संभागीय पर्यवेक्षक श्री प्रभात पाराशर एवं कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने नीमच स्थित सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर कर सुबह स्थित परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



संभागीय पर्यवेक्षक श्री पाराशर एवं कलेक्टर श्री जैन ने शासकीय कन्या उमावि कोठी स्कूल नीमच सिटी, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 नीमच एवं श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या महाविद्यालय नीमच स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुचारू शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित परीक्षा कार्य का जायजा लिया। पर्यवेक्षक श्री प्रभात पाराशर एवं कलेक्टर श्री जैन ने इन परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिए। संभागीय पर्यवेक्षक श्री पाराशर ने कहा कि परीक्षा केंद्र के भीतर कोई भी मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर नहीं जाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना एवं सुश्री रश्मि श्रीवास्तव, परीक्षा केंद्र प्रभारी उपस्थित थे।

## नीट पेपर लीक मामला...
# सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, दर्ज की पहली एफआईआर, कई राज्यों में जाएगी टीम







**नई दिल्ली, 23 जून।** देश में नीट एग्जाम पेपर लीक का मामला तूल पकडता जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो को इस केस की जांच सौंप दी थी। इस पर सीबीआई ने रविवार को बड़ा एक्शन लेते हुए पहली एफआईआर दर्ज की। इसके तहत अब एजेंसी राज्यों में जाकर इस मामले की गहन जांच पड़ताल करेगी।

नीट एग्जाम में पारदर्शिता लाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार भी प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस मामले की व्यापक जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश की थी। शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर सीबीआई ने पहला मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एजेंसी अब राज्यों में दर्ज मुकदमों को टेकओवर करेगी और गिरफ्तार आरोपियों को भी अपनी कस्टडी में लेगी।

**जानें किन राज्यों में आए मामले–** बिहार, झारखंड, गुजरात और महाराष्ट्र में नीट-यूजी एग्जाम पेपर लीक के मामले सामने आए हैं। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि झारखंड पुलिस ने देवघर से 6 आरोपियों को पकड़ा है। गुजरात के गोधरा में एग्जाम सेंटर के प्रमुख समेत 6 लोग जेल में हैं, जबकि महाराष्ट्र के नांदेड में दो टीचर हिरासत में हैं।

**सरकार ने सुबोध कुमार को पद से हटाया–** आपको बता दें कि इससे पहले शिक्षा मंत्रालय ने पूर्व इसरो चीफ की अध्यक्षता में हाई लेवल कमेटी गठित की थी। साथ ही सरकार ने सुबोध कुमार को एनटीए के डीजी पद से हटा दिया। पूर्व आईएएस अधिकारी प्रदीप सिंह खरोला को एनटीए के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। अब खरोला एनटीए के नए डीजी होंगे।





# जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ सांसद श्री सुधीर गुप्ता राज्य सभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, नगर पालिका अध्यंक्ष श्रीमती रमा देवी बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसोदिया जिला चिकित्सालय में बच्चों को पोलियों की दो बुंद पिलाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. चौहान ,सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. डी.के. शर्मा , जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुरेश सोलंकी, डॉ. मंनदीप सिंह मंडलोई पीओ यूएनडीपी उज्जैन संभाग उज्जैकन एवं रोटरी क्लब मंदसौर रोटरी क्लब अध्यक्ष श्री पवन पोरवाल, श्री महेश धनोतिया, डॉ. एम.एल. कश्यप, श्री अभिनय यादव व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थें। मुख्यमंत्रीजी द्वारा समस्त जन प्रतिनिधियों से की गई अपील सांसद एवं नगर पालिका अध्यक्ष को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सोपी गई। सांसद द्वारा क्षेत्र के समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की गई कि 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियों की दवा अवश्य पिलावें। जिले समस्त विकासखंडो में जनप्रतिनिधियों एवं ब्लाक मेडिकल आफिसरों द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर शुभारंभ किया गया।

# आध्यात्मिक चेतना अभियान का संवाद सम्पन्न

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा श्री ऋषियानंद आश्रम पर आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठसाहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि कृतज्ञता मनुष्यता का गुण है, सद्व्यवहार का प्रतिफल स्नेह से मिलता है। आपने कहा कि वर्तमानकाल में नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है और संस्कारों का अभाव हो रहा है। इसी कारण कृतज्ञता की बजाए कृतघ्नता दृष्टिगोचर होती है। आपने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना आचरण श्रेष्ठ बनाने के लिये साधना करनी चाहिये। श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि नकारात्मक विचारो के प्रभाव के कारण चरित्र का संकट दिखाई देता है। शाश्वत मूल्यो की उपादेयता के प्रति भ्रमित होकर अर्नगल अभिव्यक्तियां हो रही है। संत कवि तुलसीदास भारतीय संस्कृति के मूल्यों के प्रवक्ता है। उनकी रचनाओ मे व्यक्त विचार वेदो, पुराणो, उपनिषदो एवं समस्त धर्मग्रंथों के ज्ञान कोष का प्रतिनिधित्व है। उन्होने दया को धर्म का मूल तत्व बताया है। प्राचीन एवं आधुनिक अनेक आख्यानो मे दया, करूणा एवं संवेदना के उदाहरण मिलते है। महात्मा बुद्ध ने कबूतर के, तीर्थंकर शाांतिनाथ के पूर्व भव के राजा मेघरथ ने हंस के तथा तीर्थंकर नेमिनाथ ने मांसाहार के लिये बंदी बनाये गये पशु पक्षियो के प्राण रक्षण हेतु त्याग और बलिदान का उदाहरण प्रस्तुत किया। आपने कहा कि दया धर्म मानवता का आधार है। श्री जगन्नाथ थोरेचा, श्री राजेन्द्र तिवारी, श्री महेश कानूनगो ने मंगलाचरण गीत, भजन एवं विचार व्यक्त किये। वरिष्ठ पत्रकार श्री मोहन रामचन्दानी, श्री कन्हैयालाल पण्ड्या, डॉ. प्रकाश चंदवानी, श्री त्रिलोचनसिंह छाबडा, श्री शंकरलाल त्रिवेदी, श्री रमेशचन्द्र गुप्ता, गोपालकृष्ण परवाल, भेरूलाल पटेल, श्री सत्यनारायण भूरिया ने संवाद मे सहभागिता की। श्री ऋषियानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ.रविन्द्र जोशी एवं आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा एडवोकेट ने गतिविधियो की जानकारी प्रस्तुत की। संचालन हिन्दी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष श्री कृष्णकुमार जोशी एवं आभार प्रदर्शन श्री ऋषियानंद आध्यात्मिक संवाद के संयोजक श्री प्रकाश कल्याणी ने किया।

# नशे से परिवार, समाज में पद, प्रतिष्ठा और स्वास्थ्य सब चला जाता है-गुप्ता



**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** गलत संगत के कारण नशा करने वाले व्यक्ति का परिवार में इज्जत खत्म हों जाती है समाज में पद प्रतिष्ठ भी खत्म हो जाती है और पैसे के साथ शरीर भी खत्म होने लगता है कोई भी बात करने को तयार नही होता है उसका मान सम्मान भी धीरे धीरे खत्म होने लगता है।

उक्त विचार मप्र पुलिस नारकोटिक्स प्रकोठ के डीएसपी श्री विवेक गुप्ता ने जिला जैल में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत निरुद्ध भाईयो को संबोधित करते हुए आगे कहा की जीवन में लालच नही करना चाहिए लालच में आकर ही पहले वह प्री में नशा करता है फिर वह अपने परिवार का सामान बेच कर उनके साथ दूव्यवहार कर नशा करने लगता है इस लिए जीवन में अच्छे दोस्तो और रिश्तेदारों से संबंध रखना चाहिए। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के निरीक्षक संजय उइके ने कहा की नशा करने के आदि व्यक्ति न खुद चेन से रहता न अपने आसपास रहने वालो को चेन से रहने देता वह अपराध करने से भी नही डरता है। इस अवसर कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला शांति समिति सदस्य अनिल संगवानी ने कहा की वर्तमान में जितने भी अपराध हो रहे हे उनके ज्यादातर अपराध नशे के कारण हो रहे हे नशा करने से व्यक्ति के अंदर से परिवार समाज और कानून का डर खत्म हो जाता है इस लिए वह अपराध करने लगता है उसे नशा करने के लिए वह अपने आसपास के व्यक्तियों को भी नुकसान पहुंचाने लगता है। स्वागत उद्बोधन देते हुए उप जेल अधीक्षक राजेश विशवकर्मा ने कहा की नशा करने से व्यक्ति की सोचने समझने शक्ति खत्म होने लगती उसे बस एक ही धुन रहती हे की केसे भी करके वह नशा उपलब्ध कर उसका आनंद ले उसके लिए वह अपने किसी की भी परवाह नही करता हे उसको भी नुकसान पहुंचाना भी पढ़े तो पहुंचाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी को नशा न करने का संकल्प दिलवाया गया इस अवसर पर नारकोटिक के हेड कास्टेबल रूपेश शर्मा विवेक सिंह और जेल स्टाफ रामसिंह जादौन,दुर्गेश केथवास आदि अन्य स्टाफ उपस्थित था

# लसुड़िया राठौर में हुई हत्या के मामले में, मैं निर्दोष हूं, मातेश्वरी जगदम्बा करेगी न्याय

## गुजरात में मंदसौर पुलिस कस्टडी से फरार हुए हत्या व एनडीपीएस एक्ट के आरोपी ने फेसबुक पर अपलोड किया वीडियो, कहा बहुत जल्द कोर्ट में सरेण्डर करुंगा

**पिपलियामंडी, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर पुलिस कस्टडी से गुजरात में पेशी के दौरान भागे कैदी ने रविवार शाम फेसबुक पर वीडियो अपलोड कर खुद को निर्दोष बताया। अपराधी द्वारा फरार होने के बाद फेसबुक पर वीडियो अपलोड करना पुलिस के लिए चुनौती है। वीडियो में आरोपी दशरथ ने बताया मैं परम पिता परमेश्वर को साक्षी मानते हुए आज यह बात सभी दुनिया के सामने यह कहना चाहता हूं कि लसुड़िया राठौर में जो हत्या हुई है, उसमें मेरा कोई लेना-देना नही है। न हि मैं उस गांव में गया हूं, न हि मैने घर देखा है, मुझे जबरदस्ती फसाया गया है, पता नही क्यों फसाया गया है। लेकिन परमपिता परमेश्वर के यहां देर है, अंधेर नही है। एक दिन उसका भी न्याय होगा। मातेश्वरी जगदम्बा हत्यारों को सामने लाएगी। जो हत्यारे है एक दिन सामने आएंगे और यह पाप का घड़ा फूटेगा। और साथ ही मैं यह कहना चाहता हूं कि लसुड़िया राठौर के किसी भाई-बंधु को किसी पर शंका हो तो वह नि:संकोच बताए। अपन उन हत्यारों को दुनिया के सामने लाएंगे। मुझे विश्वास है कि परमपिता परेश्वर की कृपा से इसमें निर्दोष साबित होउंगा। और मैं बहुत जल्द कोर्ट में अपने आप को सरेण्डर कर दूंगा। बस ये तथ्य जुटाने के लिए मैं बाहर आया था और मैं बहुत जल्द सरेण्डर कर दूंगा।



**पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था दशरथ–** 27-28 मार्च 2024 को गांव लसुड़िया राठौर में 70 वर्षीय वृद्धा चन्द्रकुंवर की हत्या कर अफीम लूटने के मामले में पुलिस ने पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के गांव चावली निवासी भाजपा नेता, दशरथ पिता ओमप्रकाश जाट सहित हत्या में शामिल अन्य आरोपियों को पिपलियामंडी पुलिस ने 5 अप्रेल को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से ही दशरथ साथियों के साथ मंदसौर जेल में था। 18 जून 2024 को मंदसौर के सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र पंवार, प्रधान आरक्षक सुनील यादव, आरक्षक मधुसूदन चौहान व शिवनाराण माली मंदसौर जेल से दशरथ जाट को एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में गुजरात के हालोल में निजी कार से पेशी के लिए ले गए थे, जहां 19 जून 2024 को दशरथ पुलिस को पुलिस अदालती कार्यवाही पूरी होने के बाद पावागढ़ पहुंचे थे, दर्शन करने के बाद आरोपी रोपवे में बैठने के दौरान लौटते समय पुलिस को चमका देकर हथकड़ी सहित फरार हो गया। इस मामले में एसपी ने एक एएसआई, प्रधान आरक्षक व दो आरक्षक को निलंबित कर दिया है।

## पोलियो की दवाई पिलाई

**पिपलियामंडी, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** पल्स पोलिया अभियान के तहत आदर्श केंद्र क्रमांक 8 व 9 पर पल्स पोलियों अभियान की शुरुआत हुई। 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दवाई पिलाई गई। इस अवसर पर पार्षद बाबू मंसूरी, पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र महावर व अशोक कोहली, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा कॉलेट, आशा कार्यकर्ता माया मालवीय मोहल्लावासी उपस्थित थे। पार्षदों ने वार्डवासियों से अनुरोध किया कि 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवाई अवश्य पिलाए।

# उपमुख्यमंत्री देवड़ा जीएसटी परिषद की बैठक में हुए शामिल

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा शनिवार को दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) परिषद की 53वीं बैठक में भी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने की। केंद्र में नई सरकार गठन के बाद जीएसटी परिषद की यह पहली बैठक रही। परिषद की बैठक में व्यापार की सुविधा से जुड़े उपायों और जीएसटी अनुपालन को सुव्यवस्थित कर करदाताओं को राहत देने के उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा उपरांत महत्वपूर्ण सिफारिशें की गई।इससे उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण की अध्यक्षता में राज्यों और केन्द्र-शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों की बजट-पूर्व परामर्श बैठक में भी शामिल हुए। बैठक में श्री देवड़ा ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के केन्द्रीय बजट के लिए राज्य विशिष्ट अनुरोध और सुझाव दिए। केन्द्रीय वित्त मंत्री ने इन्हें केन्द्रीय बजट 2024-25 की तैयारी के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा उचित विचार करने का आश्वासन दिया। बैठकों में केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री श्री पंकज चौधरी, गोवा, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड तथा सिक्किम के मुख्यमंत्री, बिहार, ओड़िशा, राजस्थान तथा तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री, विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्री और राज्यों एवं केन्द्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# विधायक परिहार ने किया रेवली-देवली में 25 लाख के कार्यों का लोकार्पण



**नीमच, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार ने नीमच विधानसभा के ग्राम रेवली-देवली में सामुदायिक भवन प्रांगण में 5 लाख की लागत से बने डोम, 20 लाख की लागत से बने नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष दीपक नागदा, अर्जुन सिंह जी सिसोदिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हेमंत हरित, सरपंच श्रीमती हाबुडी बाई भील, जनपद सदस्य रतन मलावत सहित गणमान्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

**पिपलियामंडी, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर नगर के बूथ 90-91 पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा मण्डल अध्यक्ष सामंतसिंह शक्तावत, सांसद प्रतिनिधि दिलीप गोयल, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीपसिंह राठौड़, नप उपाध्यक्ष भारतसिंह सोनगरा, मण्डल उपाध्यक्ष राजू जाट, पार्षद मन्नालाल राठौर, ललित कसेरा, गोपाल धनोतिया, अभिषेक घाटिया, रघुराजसिंह, महेश मरेठा आदि उपस्थित रहे।

# विधायक सिसौदिया ने पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ किया



**भानपुरा, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए पल्स पोलिया अभियान के तहत गरोठ भानपुरा क्षेत्र विधायक चंदरसिंह सिसोदिया द्वारा गरोठ में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया, और बच्चों को दवा पिलाई गई। इसी के साथ शासकीय नवीन अस्पताल की बिल्डिंग का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर गरोठ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, भाजपा पार्षद राजू मगर भाजपा नेता अशोक पहलवान, भाजपा वरिष्ठनेता कैलाशचंद धनोतिया ,अमित चौधरी रविंद्र पाटीदार , बीएमओ राकेश पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

## अपहरण व ज्यादती में सहयोग करने वाला भी धराया, दोनों आरोपी रिमाण्ड पर

**पिपलियामंडी, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** बालिका के अपहरण व दुष्कर्म में सहयोग करने वाले आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, दोनों आरोपियों को कोर्ट ने एक दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार 9 जून को बही पार्श्वनाथ निवासी 16 वर्षीय नाबालिक बालिका का अपहरण कर उसके साथ ज्यादती करने के मामले में पुलिस ने शनिवार को बघाना (नीमच) निवासी नन्ना उर्फ नाना उर्फ विष्णु (25) पिता कन्हैयालाल मेघवाल को उदयपुर से गिरफ्तार कर नाबालिग को दस्तयाब किया था। इस मामले में आरोपी को सहयोग करने वाले कोटड़ा छावनी (उदयपुर) निवासी पुनीत पिता मोहनलाल चौहान को भी सह आरोपी बनाया था, जिसे रविवार को गिरफ्तारी में लिया। पिपलिया टीआई नीरज सारवान ने बताया दोनों आरोपियों को रविवार को कोर्ट में पेश किया, जिन्हें एक दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश दिए।






# महारानी लक्ष्मीबाई शास कन्या उमावि में नशा मुक्ति अभियान पर कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार वर्ष 2024-25 में स्कूल चले अभियान के अंतर्गत महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मन्दसौर में नशा मुक्ति अभियान व जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश पुलिस नारकोटिक्स प्रकोष्ठ निरीक्षक श्री राकेश चौधरी एवं नारकोटिक्स विभाग मंदसौर के भरत चावड़ा उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्री राकेश चौधरी, श्री भरत चावड़ा एवं विद्यालय के प्राचार्य के.सी. सोलंकी, श्री महेश त्रिवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

स्वागत उद्बोधन देते हुए प्राचार्य के.सी. सोलंकी ने देते हुए छात्राओं को नशे से दूर रहने और उनकी बुराइयों और नशे के परिवार पर दुष्प्रभाव के बारे में एवं स्कूल चले अभियान की विस्तृत से जानकारी दी। मुख्य अतिथि श्री राकेश चौधरी ने, छात्राओं को नशा करने के कारण और परिवार और जीवन पर पढ़ने वाले हानिकारक प्रभाव और उनसे दूर रहने का मार्गदर्शन दिया। श्री भरत चावड़ा ने छात्राओं को ई सिगरेट के बारे में बताया और उसके दुष्परिणामों की जानकारी दी। नशे के कारण व्यक्ति किस प्रकार से अपराध के दलदल में फंसता है, इसकी भी जानकारी दी। अपने उद्बोधन में कहा की व्यक्ति को नशे की बुरी आदतों से दूर रहना चाहिए। छात्राओं से कहा कि नशा मुक्ति अभियान से संबंधित जो विचार है वह घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें, जिससे कि समाज में सुधार संभव हो सके। बाल सभा के द्वारा छात्राओं के सतत मूल्यांकन कार्यक्रम में आज का विषय विकसित भारत के अंतर्गत अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत में इसरो की उपलब्धियां पर चर्चा, इस विषय पर विद्यालय की वरिष्ठशिक्षिका सुश्री आरती शर्मा एवं श्री दशरथ दानगढ ने अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियां और इसरो ने किस प्रकार से 104 सेटेलाइट का प्रक्षेपण एक साथ 15 फरवरी 2017 को श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से किया इसकी जानकारी दी, और विज्ञान से संबंधित भारत की अनेक उपलब्धियां के विषय में छात्राओं को अवगत कराया ,और विज्ञान से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। प्रारंभ में प्राचार्य के.सी. सोलंकी महेश त्रिवेदी, हामिद खान जेदी, गोपाल सुनार्थी, रेणुका आचार्य, चेतन दास गनछेड़, शांता व्यास, किरण परमार आदि ने अतिथि का पुष्पहार से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री कुंदन सांखला ने किया आभार सुश्री आरती शर्मा व्यक्त। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे।



# कंवला हाई स्कूल में मनाया योग दिवस, सरपंच प्रतिनिधि का किया सम्मान

**भानपुरा, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** योग दिवस पर हाई स्कूल कंवला में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर योग दिवस मनाया गया। योग दिवस में ग्राम पंचायत कंवल सरपंच श्रीमती कंकू बाई गौड़ के प्रतिनिधि जयसिंह गौड़ का स्वागत प्राचार्य सुरेश कुमार भाना एवं श्यामल भट्टसहित विद्यालय परिवार ने पुष्प मालाएं पहनाकर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री भाना ने योग का महत्व बताते हुए छात्र-छात्राओं से प्रतिदिन योग करने का आग्रह किया एवं सभी का आभार व्यक्त किया।

## ✻ उठावना ✻

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करने में आता हैं कि स्वर्गीय श्री बाबूलाल डोसी की धर्मपत्नी एवं कमलेश डोसी (नगर पालिका मंदसौर), निलेश (सर्विस प्रोवाइडर) की माताजी, अशोक, दिलीप, अनिल की काकी तथा रिया, दक्ष व ऋत्विक की दादाजी श्रीमती गीताबाई डोसी का स्वर्गवास शनिवार 22 जून 2024 को हो गया है जिनका उठावना आज सोमवार दिनांक 24 जून 2024 को प्रात: 10 बजे निवास स्थान 312 एबेनेजर इंग्लिश स्कूल के पीछे, अभिनंदन मेन मंदसौर में रखा गया है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**कमलेश डोसी (नपा मंदसौर)**
**312 एबेनेजर इंग्लिश स्कूल के पीछे, अभिनंदन मेन मंदसौर**

# पुलिस ने नशा मुक्ति के लिए चलाया अभियान



**भानपुरा, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** नशा मुक्ति जन जाग्रति सप्ताह के अंतर गत भानपुरा पुलिस ने थाना प्रभारी रोहित कछावा के मार्गदर्शन व एस आई सुनील जाटव के नेतृत्व में भानपुरा नगर व अंचल में नशे से होने वाले नुकसान व दुष्प्रभाव के बारे में चोपाल पर बैठकर व नुक्कड सभाएं कर बताया एस आई सुनील कुमार जाटव ने पुलिस कर्मियों के साथ शहर की झुग्गी बस्ती एवं सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर आमजन को नशा मुक्ति जागरुकता की समझाइश दी गई व नशा मुक्ति कि शपथ भी दिलाई गई इस अवसर पर नशा मुक्ति के पर्चे भी वितरित किए गए।

पुलिस थाना भानपुरा में भी नशा मुक्ति अभियान चलाकर दिलाई जाये नशा मुक्ति की शपथ...भानपुरा नगर वासियों ने भानपुरा पुलिस के इस अभियान की सराहना की। इस नशा मुक्ति अभियान की सराहना के साथ नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर कुछ लोगों ने दबी जुबान से बताया कि नशा मुक्ति अभियान पुलिस के अधिकारियों को पुलिस थाना भानपुरा में भी चलाना चाहिए क्योंकि स्वयं बड़े अधिकारी तम्बाकू गुटके के जबरदस्त आदि व लती है व कई बार स्वयं पुलिस वाले नशे में होते हैं जिन्हें भी गुटके तम्बाकू, बीड़ी,सिगरेट व शराब आदि का सेवन जीवन में नहीं करने की शपथ दिलाई जाना समय की मांग है।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिये 31 जुलाई तक करें आवदेन

**मंदसौर, 23 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री राष्ट्य बाल पुरस्कार उन बच्चों को दिये जायेगें, जिन्होंने बहादुरी, खेलकूद, सामाजिक कार्य, विज्ञान एवं तकनीकी खेल, पर्यावरण, कला और संस्कृति के क्षेत्र में विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया हो। उक्त पुरस्कार हेतु ऑनलाईन आवेदन https://awards.gov.inपर 31 जुलाई 2024 तक कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग में सम्पर्क कर सकते है।

## ✻ नाम परिवर्तन ✻

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं फखरुद्दीन ने अपना नाम परिवर्तन कर फखरुद्दीन नीमचवाला कर लिया है। भविष्य में मुझे अपने नए नाम फ़खरुद्दीन नीमचवाला के नाम से जाना एवं पहचाना जावें।**

**पता– फ्लेट नं. 206, नजमपुरा बोहरा बाखल, आशा पारले मल्टी, मंदसौर (म.प्र.) 458001**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in